Regarding construction of Railway overbridge in Mehsana Parliamentary Constituency

श्री हरीभाई पटेल **(महेसाणा)** : सर, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं । मैं यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, गुजरात-महेसाणा की देवतुल्य जनता एवं कार्यकर्ताओं को बधाई देना चाहता हूं, जिनकी वजह से सदन में जनता की मांग को पहली बार रख रहा हूं ।

माननीय अध्यक्ष महोदय जी, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र महेसाणा शहर पुलिस मुख्यालय से हाइवे, गुरुद्वारा तक रेल ओवर ब्रिज बनाने की ओर आकर्षित करवाना चाहता हूं । महेसाणा एक बड़ा विकसित शहर है । महेसाणा रेलवे स्टेशन के दोनों तरफ शहर बसा हुआ है । वहां एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए लोगों को पुराने अंडर ब्रिज और पुराने अंडर पास से गुजरना पड़ता है । वहां मानसून में ज्यादा बारिश होने के कारण पानी भराव से रास्ता बंद हो जाता है । उस समय लोगों को हॉस्पिटल एवं बच्चों को स्कूल आने-जाने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है । यह भी देखा गया है कि कभी-कभी मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में बहुत मुश्किल होती है ।

अत: मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि उक्त रेल ओवर ब्रिज को जल्द से जल्द बनाया जाए । मैं यह भी बताना चाहता हूं कि पूर्व में भी समय-समय पर इस रेल ओवर ब्रिज की मांग होती रही है । आभार ।